कोविड-19 राहत योजनाएं
केन्द्र सरकार

राशन कार्ड धारक

अनाज

प्र. क्या लाभ?

- हर परिवार को प्रति व्यक्ति **5 किलो अनाज** (चावल/गेहूँ) अप्रेल से जून 2020 तक हर महीने **मुफ्त** दिया जाएगा ।
- यह नियमित मिलने वाले राशन से अलग होगा ।

प्र. किसे लाभ ?

ऐसे सभी लोग जो की लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टी. पी डी.एस) के अंतर्गत आते हैं, जैसे, अंतोदय अन्न योजना (ए ए वाई)और प्राथमिकता परिवार श्रेणी (पी एच एच)।

दाल

प्र. क्या लाभ?

- हर गरीब परिवार को **एक किलो दाल** अप्रेल से जून 2020 तक प्रतिमाह **मुफ्त** दी जाएगी ।

प्र. किसे लाभ ?

लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सभी कार्डधारक।

नोट : कार्ड़धारक राशन दो किस्तों में भी ले सकते हैं ।

किसान

प्रधानमंत्री किसान योजना

प्र. क्या लाभ?

- योजना की प्रथम किश्त (**₹2000**) अप्रैल महीने के पहले सप्ताह में दी जाएगी ।

प्र. किसे लाभ ?

प्रधापमन्त्री किसान योजना के अंतर्गत आने वाले पंजीकृत खाताधारक ।

अल्पकालीन फसल उधार

प्र. क्या लाभ?

- किसान अब **३१ मई** तक अल्पकालीन (कम समय के लिए उठाये गए) फसल उधार चूका सकते हैं ।
- किसानों को यह उधार **7% की रियायती ब्याज दर** पर मिलता रहेगा, और वह जो जल्दी चुकाते हैं उन्हें 31 मई तक यह **4%** पर मिलेगा।

प्र. किसे लाभ ?

सभी किसान जिन्होंने बैंकों से रु 3 लाख तक के अल्पकालीन फसल उधार लिए हैं, जिनकी चुकाने की तारीख १ मार्च से ३१ मई के बीच की है।

मनरेगा मज़दूर

बकाया मज़दूरी के भुगतान के लिए राशि जारी

प्र. क्या लाभ?

- बकाया मज़दूरी के भुगतान के लिए **₹4431 करोड़** की राशि जारी की गयी है। यदि मजदूरी नहीं मिली है, तो पंचायत मुखिया / रोज़गार सेवक / ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी के पास एक लिखित शिकायत दर्ज की जा सकती है
- काम की खोज/मांग करने वाले लोग रोजगार सेवक से **सामाजिक दूरी के नियमों** के बारे में पूँछ सकते हैं।

प्र. किसे लाभ ?

मनरेगा के सभी रोजगार कार्ड धारक।

कर्मचारी

रोजगार की कोई समाप्ति या वेतन में कमी नहीं

प्र. क्या लाभ?

- सभी राज्य / केंद्र शासित प्रदेश सरकारें सुनिश्चित करें की कोई भी नियोक्ता किसी कर्मी को नौकरी से न निकाले और न ही वेतन काटे।

प्र. किसे लाभ ?

- सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में काम कर रहे सभी प्रकार के कर्मचारी।
- सभी तरह के कारखाने, उद्योग, मॉल, दुकान सहित सभी प्रतिष्ठान इस आदेश के अंतर्गत आएंगे।

बी.पी.एल. परिवार

आवास प्रधानमन्त्री उज्जवल योजना

प्र. क्या लाभ?

- अप्रेल से जून 2020 तक **तीन गैस सिलेंडर मुफ्त**।

प्र. किसे लाभ ?

प्रधानमन्त्री उज्जवल योजना के अंतर्गत एल.पी.जी. कनेक्शन वाले घर।

स्वास्थ कर्मचारी

दुर्घटना बीमा

प्र. क्या लाभ?

- कोविड-19 के मरीजों का इलाज करते समय दुर्घटना होने पर **50 लाख की नुकसान भरपाई**।

प्र. किसे लाभ ?

सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रो व हस्पतालों में काम करने वाले सभी सफाई कर्मचारी , आशा वर्कर , वार्ड बॉय , नर्स , पैरामेडिक , डाक्टर और स्पेशलिस्ट।

महिलाएं

जन धन योजना

प्र. क्या लाभ?

- अप्रेल से जून 2020 तक हर महीने **₹500 की राशि खातों में जमा** की जाएगी। ।

प्र. किसे लाभ ?

प्रधानमन्त्री जन धन योजना के अंतर्गत खाताधारक महिलाएं ।

स्वयं सहायता समूह को उधार (क्रैडिट)

प्र. क्या लाभ?

- बिना जमानत , संसाधन या सिक्योरिटी के **₹20 लाख तक का उधार** संभव ।

प्र. किसे लाभ ?

दीन दयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत सभी महिला स्वयं सहायता समूह ।

पेंशनधारी, दिव्यांग व विधवा

अतिरिक्त नकद लाभ

प्र. क्या लाभ?

- केन्द्र सरकार द्वारा हर लाभार्थी को **₹1000** दिए जाएगें ।
- यह राशि अगले **तीन महीनो के अंतर्गत** दो किश्तों में दी जाएगी।

प्र. किसे लाभ ?

पेंशनधारी, दिव्यांग व विधवा जिन्हें राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशन मिलती है ।

सामाजिक सहायता में अग्रिम राशि

प्र. क्या लाभ?

- अप्रेल में तीन महीनें की **अग्रिम पेंशन** का वितरण ।

प्र. किसे लाभ ?

पेंशनधारी, दिव्यांग व विधवा जिन्हें राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पेंशन मिलती है ।

निर्माणकार्य कर्मी

आर्थिक सहायता

प्र. क्या लाभ?

- राज्य सरकारों को केंद्र सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं की वह भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में जमा राशि से निर्माण क्षेत्र के मज़दूरों की सहायता करें ।

प्र. किसे लाभ ?

सभी जो भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बी.ओ.सी. डब्लू) में पंजीकृत हैं।

संगठित क्षेत्र के कर्मचारी

ई.पी.एफ योगदान

प्र. क्या लाभ?

- सरकार, अगले तीन माह अप्रेल से जून 2020 के लिए **कर्मी व नियोक्ता योगदान में जमा किये जाने वाले कुल 24%** स्वय अदा करेगी ।

प्र. किसे लाभ ?

कर्मचारी भविश्य निधि संगठन (ई.पी.एफ .ओ) के ग्राहक जिनके कार्य स्थलों में:-
1-सिर्फ 100 तक कर्मी हैं । **या** 2- 90% कर्मी हर महीना १५०० से कम कमाते हैं

ई.पी.एफ अग्रिम (एडवांस)

प्र. क्या लाभ?

ईपीएफ धारकों को एक **गैर-वापसी योग्य अग्रिम** लेने की अनुमति है, जो कि हो सकती है
1- उनके ईपीएफ बैलेंस का 75% **या** 2- तीन महीने का वेतन
जो भी कम है, उनके ईपीएफ खातों से।

प्र. किसे लाभ ?

ईपीएफ ग्राहक ।

प्रवासी कामगार

राहत शिविर

प्र. क्या लाभ?

- सभी राज्य व केन्द्र शासित प्रदेष सरकारों को **21000 से अधिक राहत शिविर** लगाने का आदेश ।

प्र. किसे लाभ ?

तालाबंदी के कारण फंसे प्रवासी कामगार ।

किराया राहत

प्र. क्या लाभ?

- **एक महीने का किराया न लेने** का आदेश मकान मालिकों को दिया गया है ।

प्र. किसे लाभ ?

प्रवासी कामगार जो किराए के घरों में रहते हैं ।

शहरी बेघर

DAY-NULM (दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन) के अंतर्गत भोजन

प्र. क्या लाभ?

- सभी राज्यों व शासित प्रदेषों के DAY-NULM आश्रयों में तीन वक्त का आहार रोज़ मुफ्त दिया जाएगा।

प्र. किसे लाभ ?

- DAY-NULM आश्रयों में रहने वाले सभी बेघर ।